





# मां के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं : शुक्ल

## रानी तालाब मंदिर परिसर में मां भगवती जागरण, देर रात तक गूंजते रहे भजन और माता के जयकारे





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, नवरात्रि पर रानी तालाब माँ कालिका के मंदिर सहित देवी मंदिरो में भक्तो का ताता लगा रहा. भक्त माता रानी के दर्शन करने भोर से ही लाइन में लग जाते थे. वही नवरात्रि के उपलक्ष्य में महाअष्टमी पर नगर विजयादशमी उत्सव समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रीवा के रानी तालाब मंदिर परिसर में विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन किया गया.**

जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों ने मां भगवती के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि माँ के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं. हम सभी पर माता का आशीर्वाद बना रहे और हमारा रीवा हर क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहे. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ भगवती के जागरण से देवी माँ प्रसन्न होती हैं. प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहे और माता का आशीर्वाद हमको मिलता रहे. उन्होंने कहा कि इस समय मानवता संकट में है. इस संकट से सिर्फ माँ ही उबार सकती हैं. उन्होंने कहा कि माता के दरबार एवं रानी तालाब के चमकने के साथ ही रीवा भी चमकने लगा है. हम सब की प्रार्थना है कि माँ हमें आशीर्वाद देती रहें और रीवा की चमक बरकरार रहे. उप मुख्यमंत्री ने देवी जागरण में भजन की प्रस्तुति देने वाली गायिका यशस्वी की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना की. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी तैनात रही. कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर विजयदशमी उत्सव समिति रीवा के अध्यक्ष प्रकाश तारानी संरक्षक सियाराम गुप्ता महेंद्र सराफ, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित गुड्डू, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित, प्रहलाद सिंह, महेश ठारवानी दीनानाथ वर्मा, बालेंद्र शुक्ला, शरद साहू, नरेश काली, दिव्यांशु गौतम पप्पू मंजनी, अजय माधवानी परमजीत सिंह डंग, प्रकाश गुप्ता केसरिया, दीपांशु गौतम, दीपक भल्ला अंशुमन गुप्ता शिवम गुप्ता राजेंद्र निगम, रिचा मिश्रा, जलसा, उपेंद्र उपाध्याय, शशांक दीक्षित सत्यम साहू मौजूद रहे.



# हनुमना के लोढ़ी में पत्थर खदानों पर कार्यवाही अवैध उत्खनन करने वाले वाहन जब्त

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 27 मार्च, कलेक्टर संजय जैन के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं. हनुमना जनपद अन्तर्गत ग्राम लोढ़ी में खनिज एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही में अवैध उत्खनन करने वाले वाहन जप्त किए गए.**

खनिज अधिकारी सुनित राजपूत से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध उत्खनन करने पर 1130 फर्शी पत्थर एवं ट्रैक्टर ट्राली में भरे खण्ड पत्थर को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जप्त किया गया. मऊगंज कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है. गौरतलब है कि मऊगंज जिले में लगातार अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्यवाही हो रही है. वही कलेक्टर द्वारा जुर्माना भी लगाया जा रहा है जिससे अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हो रहा है. लगातार कार्यवाही से अवैध उत्खनन करने वालों में हडकम्प मचा हुआ है. लेकिन यह कार्यवाही रीवा जिले में नही हो रही है. गौरतलब है कि रीवा जिले में भी कई जगहो पर पत्थर-पटिया का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है. लेकिन कार्यवाही न होने से राजस्व का नुकसान हो रहा है. ऐसा नही है कि इसकी जानकारी खनिज विभाग को नही है, लेकिन विभाग सेटिंग के चलते कार्यवाही नही करता है और उत्खनन करने वालों को मूक सहमति रहती है. जिससे इनके हौंसले बुलंद है.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ एवं मां बूढ़ी माता के दर्शन किए

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाअष्टमी पर गुढ़ के समीप भैरवनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन किए. उन्होंने भैरवनाथ लोक में निर्मित कार्यों का निरीक्षण किया तथा प्रगतिरत कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने बूढ़ी माता मंदिर में माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की.

### श्री रामकथा में हुए शामिल

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल पटेहरा ग्राम के श्री लक्ष्मीनारायण धाम के श्री रामकथा कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कथावाचक आचार्य श्री कृष्णाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया. उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए सभी को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं.

### नीतेश नारायण बने आप के प्रदेश प्रवक्ता

**रीवा,** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा नीतेश नारायण रीवा को प्रदेश प्रवक्ता के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किए जाने पर संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है. प्रदेश प्रभारी जीतेन्द्र सिंह तोमर ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नीतेश नारायण लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित रहकर कार्य कर रहे हैं. उनकी सक्रियता, स्पष्ट विचारधारा तथा जनहित के मुद्दों पर मजबूत पकड़ पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी. इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व जोन प्रभारी मानबहादुर पटेल, प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विनायक तोमर, प्रदेश संगठन मंत्री जीतेन्द्र चौरसिया, शहर अध्यक्ष एड. राजीव सिंह, पूर्णानंद तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

### ऋण राशि जमा करने का आज अंतिम दिन

**रीवा,** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अन्तर्गत रीवा और मऊगंज जिले की 148 कृषि साख सहकारी समितियाँ संचालित हैं. इन समितियों द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में लगभग 35 हजार किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर 136 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया था. इनमें से 33500 किसानों द्वारा 128 करोड़ रुपए ऋण राशि जमा करा दी गई है. इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने शेष किसानों से 28 मार्च तक बैंक से ली गई ऋण राशि जमा करने को कहा है, जिससे उन्हें ऋण पर शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ मिल सके. 28 मार्च के बाद जमा होने वाली ऋण राशि में शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ नहीं मिलेगा.

### पेयजल समस्या निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**मऊगंज,** ग्रीष्म ऋतु में जल जनित बीमारियों एवं संभावित पेयजल समस्या के निराकरण के उद्देश्य से जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं. कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संजय पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्ड कार्यालय मऊगंज में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. पेयजल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर मोबाइल नम्बर 9021491867 पर संपर्क किया जा सकता है. इसी प्रकार पेयजल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विकासखण्ड मऊगंज में 8085084545, विकासखण्ड हनुमना में 9993915589 तथा विकासखण्ड नईगढ़ी के लिए 8269385027 पर सम्पर्क किया जा सकता है.

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

**रीवा,** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगल चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके.

### लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक 30 को

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 30 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन के साथ ही जिला स्तर पर उद्योगों में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी.

# लोक अदालत छूट बरकरार, 1 अप्रैल से लगेगा अधिभार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में लोक अदालत अंतर्गत दी गई छूट को 31 मार्च 2026 तक यथावत रखा गया है.**

उल्लेखनीय है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च 2026 तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब कुछ ही दिन शेष हैं. 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा. निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें. रीवा नगर के समस्त स्व-आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2026 तक ही प्रभावी रहेगी. इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा. साथ ही जिन भवन स्वामियों द्वारा वर्ष 2024-25 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, उन्हें एक बार फिर अधिभार से छूट प्राप्त करने का अवसर मिला है. अब 31 मार्च तक लोक अदालत की तर्ज पर 2024-25 तक के बकाया पर छूट मिल रही है. सभी बकायादारों को 31 मार्च के पूर्व शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा तालाबंदी/कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है.



# विश्व रंगमंच दिवस पर नाटक तुमने क्यों कहा था मैं खूबसूरत हूं का मंचन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर रंग उत्सव नाट्य समिति द्वारा कला और अभिनय का एक शानदार संगम देखने को मिला.**

स्थानीय रंगमंच को नई ऊँचाइयाँ देते हुए समिति के कलाकारों ने नाटक 'तुमने क्यों कहा था मैं खूबसूरत हूँ' की अत्यंत भावपूर्ण और प्रभावशाली प्रस्तुति दी. नाटक के दौरान कलाकारों ने अपनी संवाद अदायगी और मंच संचालन से दर्शकों को भावविभोर कर दिया. मंच पर किरदारों के उतार-चढ़ाव और भावनाओं के सटीक चित्रण ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी. कलाकारों की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि रीवा में नाट्य कला की जड़ें कितनी गहरी और समृद्ध हैं. इस सफल मंचन का निर्देशन युवा रंगकर्मी गौरव सिंह द्वारा किया गया. उनके कुशल मार्गदर्शन में कलाकारों ने नाटक की बारीकियों को बखूबी मंच पर उतारा. प्रकाश व्यवस्था और पार्श्व संगीत ने नाटक के प्रभाव को दोगुना कर दिया, जिससे हॉल में मौजूद हर शख्स मंत्रमुग्ध नजर आया. कार्यक्रम के अंत में निर्देशक गौरव सिंह और समिति के सदस्यों ने रंगमंच को समाज का दर्पण बताते हुए सभी को इस दिवस की शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को थिएटर से जोड़ना और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखना है.

# शहर में आवारा गौवंशों का आतंक, लोगों पर कर रहे हमला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, शहर में इस समय आवारा गौवंशों का आतंक है, सैकड़ा भर से अधिक आवारा गौवंश शहर में उत्पात मचा रहे है. बाजार से लेकर गली मोहल्लो में लोग इनसे परेशान है. बीच सड़क पर बैठ कर आराम फरमाते है जिससे हादसे भी हो रहे है.**

इनके द्वारा आये दिन लोगो पर हमले कर गंभीर चोट पहुंचाई जा रही है. जिससे लोगो में दहशत का माहौल है. गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा आवारा गौवंशो को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है लेकिन यह अभियान कहा चल रहा है यह तो समझ से परे है. क्योंकि नगर निगम की गाड़ी सिर्फ सड़को पर दौड़ती ही देखती है लेकिन गौवंशो को पकड़ते नजर नही आती. यही वजह है कि शहर में सैकड़ा भर से ऊपर आवारा गौवंश आतंक मचा रहे है. ऐसा कोई दिन नही जाता जब सब्जी मंडी में यह गौवंश किसी पर हमला न करे. गौवंशो द्वारा व्यापारियों की सब्जियों को नुकसान पहुंचाया जाता है और जब व्यापारी इन्हे भगाने का प्रयास करते है तो यह उन पर हमला कर देते है. शहर की सड़को और चौराहो में यह आराम फरमाते है जिससे सड़क हादसे भी होता है. अभी हाल में दो दिन पूर्व गुड़हाई बाजार के समीप दो सांड़ आपस में भिड़ गये. इनकी भिड़ंत ऐसी थी कि अफरा-तफरी का माहौल बन गया. वही भगदड़ के दौरान कई लोग गिर कर घायल भी हो गये. यहा तक की गई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई. किसी कदर लोगो ने इन्हे अलग किया और राहत की सांस ली. इसी तरह शहर की किसी भी सड़क पर निकल कर देखा जाय तो हर जगह गौवंश सड़को पर दिख जाएगे. यह गौवंश लोगो के लिये मुसीबत बनते जा रहे है. जिससे लोगो में दहशत का माहौल बना रहता है.

# कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि के नवाचार पर 28 से 29 मार्च को एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.**

इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव अभिनव तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम पंडित श्याम दुलारे शिक्षा एवं शोध संस्थान रीवा, कृषि महाविद्यालय एवं एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. प्रमोद कुमार मिश्रा, कुलपति जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा एवं इंजी. अनन्त कुमार सोनी, प्रति कुलपति एकेएस यूनिवर्सिटी सतना रहेंगे. कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा प्रदीप मिश्रा ने बताया तैयारी पूरी हो चुकी है.



शहर के पुराने बस स्टैण्ड के पास सड़क पर बैठे गौवंश

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता महासंकल्प 2026 अभियान के अंतर्गत शहर में स्वच्छता एवं सुरक्षित सीवरेज प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.**



इसी क्रम में स्वच्छता टीम द्वारा आयुक्त सभागार में शेड्यूल डिस्लजिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के दौरान डिस्लजिंग ऑपरेटर्स को सेफ्टिक टैंक की सुरक्षित एवं वैज्ञानिक सफाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई. कार्यशाला में ऑपरेटर्स को डिस्लजिंग के दौरान विशेष रूप से व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पीपीई किट जैसे ग्लव्स, मास्क, गमबूट, हेलमेट, एप्रन एवं सुरक्षा ड्रेस के उपयोग के लिए निर्देशित किया गया. साथ ही आधुनिक मशीनरी उपकरणों के प्रयोग पर बल देते हुए मैनुअल सफाई से पूर्णतः बचने की समझाइश दी गई एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इसी अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 (बांस मंडी) में सेप्टिक टैंक की सुरक्षित डिस्लजिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न प्रशिक्षित ऑपरेटर द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पीपीई किट पहनकर मशीन के माध्यम से किया गया, एवं डिस्लजिंग के दौरान निकाले गए अपशिष्ट के निष्पादन एसटीपी प्लांट (बाबा घाट) में किया गया.

# घर में सो रहे परिवार पर हमला मां-बेटा बेटी सहित 6 घायल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, घर के भीतर सो रहे परिवार पर लाठी डंडे से लैस लोगों ने अचानक से हमला कर दिया. देर रात हुई इस घटना के दौरान पीड़ित परिवार के बीच हड़कंप मच गया और घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया.**

पीड़ित परिवार की माने तो हमलावर कोई और नहीं बल्कि पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार ही हैं. जिनके बीच उनका पारिवारिक विवाद चल रहा था. मामला जिला मुख्यालय स्थित रायपुर कचुलियान थाना क्षेत्र के व्यवहारा गांव की है. घटना के संबंध में घायल युवती सहित महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले केवट परिवार से उनका पारिवारिक विवाद चल रहा था. पीड़ितों की मानें तो गुरुवार की रात करीब 11.00 बजे जब उनका पूरा परिवार घर के भीतर सो रहा था. तभी पड़ोसियों ने उन पर अचानक से हमला कर दिया. बताया गया कि आरोपी लाठी डंडे वाजे हथियारों से लैस थे.

# रीवा पोस्ट ऑफिस को बम से उड़ाने धमकी, मचा हड़कम्प

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मार्च, शुक्रवार को शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रीवा के हेड पोस्ट ऑफिस को बम से उडाने की एक धमकी भरे ई-मेल मिला जिससे कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई.**

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. बताया जा रहा है कि पोस्ट ऑफिस को मिले ई-मेल में बम से उड़ाने की बात कही गई थी. जैसे ही यह जानकारी सामने आई, वहां मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई और बिना देरी किए अमहिया थाना पुलिस को सूचित किया गया. क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल से प्राप्त एक ई-मेल के अनुसार पोस्ट ऑफिस या पासपोर्ट ऑफिस पर हमले की आशंका जताई गई है. ई-मेल में चेतावनी दी गई है कि आज दोपहर 12:10 बजे किसी कार्यालय को सायनाइड गैस बम या आरडीएक्स विस्फोटक से निशाना बनाया जा सकता है. इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित कार्यालयों को तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही सभी पोस्ट ऑफिस में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है. परिसर में संदिग्ध वस्तुओं या गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस को जानकारी देने के निर्देश जारी किए गए हैं. यह मेल मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, मध्य प्रदेश सर्कल, भोपाल द्वारा जारी किया गया है, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों से सतर्कता और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है.

### बम स्क्वॉड ने की जांच

सूचना मिलते ही अमहिया पुलिस मौके पर पहुंची. हालात की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को भी बुलाया गया. टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर को घेर लिया और सर्चिंग अभियान शुरू किया. बम स्क्वॉड और पुलिस टीम ने पोस्ट ऑफिस के हर हिस्से—कमरों, काउंटर, स्टोर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की. करीब कई घंटों तक चली सर्चिंग के बावजूद कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला. सर्चिंग में कुछ नहीं मिलने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली.